तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 9 सितंबर 2025



12 राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक खोमन सिन्हा का...





13 स्वास्थ्य कर्मियों की बर्खास्तगी पर आप का...






## विडंबना : सड़क निर्माण की मांग करते थके ग्रामीण

# साहिबिनकछार में अंधेरा, 4 महीने से खराब है सौर ऊर्जा की बैटरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर ब्लॉक में स्थित साहेबिनकछार गांव के आदिवासी ग्रामीण आज भी लालटेन की रोशनी में जीवन जीने को मजबूर हैं। यह गांव ओडिशा सीमा से लगा हुआ है, जहां छत्तीसगढ़ बनने के 25 साल बाद भी बिजली नहीं पहुंची है। सरकार द्वारा लगाए गए सौर ऊर्जा प्लांट भी पिछले चार महीनों से खराब पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। क्रेडा विभाग द्वारा गांव में चार सौर ऊर्जा प्लांट लगाए गए थे, लेकिन उनकी बैटरी खराब होने के कारण वे पिछले चार महीनों से बंद हैं। ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत क्रेडा विभाग से की है, लेकिन आज तक कोई कर्मचारी या अधिकारी इसे सुधारने नहीं पहुंचा है। साहेबिनकछार के 100 से अधिक ग्रामीणों ने मैनपुर पहुंचकर अपनी समस्या बताई। पूर्व सरपंच रूपसिंह मरकाम और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उदंती सीतानदी के बीहड़ जंगल में बसे होने के कारण यहां हमेशा जहरीले सांपों और वन्य प्राणियों का डर बना रहता है, और ऐसे में बिना रोशनी के रहना और भी खतरनाक है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से खराब सौर ऊर्जा प्लांट और बैटरी को तुरंत ठीक कराने की मांग की है।

### स्वयं श्रमदान कर आने- जाने लायक बना रहे सड़क





### जनप्रतिनिधि भी नहीं लेते सुध

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 20 सालों में कोई भी निर्वाचित सांसद या विधायक उनके गांव नहीं आया है। वे हर चुनाव में इस उम्मीद से मतदान करते हैं कि उनके चुने हुए नेता उनकी समस्याओं को हल करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं होता। मैनपुर के अनुविभागीय अधिकारी डॉ. तुलसीदास मरकाम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि सौर ऊर्जा की मरम्मत के लिए क्रेडा विभाग को तुरंत निर्देश दिए गए हैं और गांव की अन्य समस्याओं को भी हल करने के लिए कार्य योजना बनाई जाएगी।

### सड़कें बदहाल, स्वास्थ्य सेवाएं नदारद

बिजली के साथ-साथ, गांव में पक्की सड़कें भी नहीं हैं। बारिश में सड़कें कीचड़ से भर जाती हैं, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानी होती है। नदी-नालों में बाढ़ आने पर गांव का संपर्क बाकी इलाकों से पूरी तरह कट जाता है, जिससे एम्बुलेंस या अन्य आपातकालीन वाहन भी गांव तक नहीं पहुंच पाते। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी बहुत खराब है। इस दूरस्थ क्षेत्र में गंभीर बीमारी होने पर ग्रामीणों को इलाज के लिए ओडिशा जाना पड़ता है।

## खबर संक्षेप



### जिले के उदंती रिजर्व में दिखे सोनकुत्ते

**मैनपुर**। गरियाबंद जिले के उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में एक सोनकुत्ता (भारतीय जंगली कुत्ता) की दुर्लभ तस्वीर सामने आई है। इस तस्वीर को रिजर्व में पदस्थ वनकर्मी विरेंद्र ध्रुव ने अपने कैमरे में कैद किया है। वन्यजीवों के लिए प्रसिद्ध उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में सोनकुत्तों का दिखना एक शुभ संकेत माना जाता है। वनकर्मी विरेंद्र ध्रुव ने गश्त के दौरान इस सोनकुत्ते को कैमरे में कैद किया, जिसकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सोनकुत्ता एक संरक्षित वन्यजीव है और इसका दिखना इस बात का प्रमाण है कि रिजर्व का पारिस्थितिकी तंत्र स्वस्थ है।

### विभा अवस्थी का जिला दौरा आज और कल

**मैनपुर**। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी को बनाए जाने के बाद पहली बार 9 एवं 10 सितंबर दो दिवसीय गरियाबंद जिले के दौरे पर पहुंचे रहे हैं जिसके चलते क्षेत्र के खास कर भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रही है। ज्ञात हो कि विभा अवस्थी गरियाबंद जिले के अमलीपदर निवासी है। मिली जानकारी के अनुसार 9 सितंबर को राजिम, कोपरा, गरियाबंद अमलीपदर एवं 10 सितंबर को देवभोग तथा मैनपुर दौरे पर रहेंगे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात करेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनके ऐतिहासिक स्वागत की तैयारी किया जा रहा है।



### बिनौरी में 12 से अखंड राम नाम सप्ताह का आयोजन

**छुईहा बेलर**। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम बिनौरी में राजाधिराज मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र की गुणगान अविरल रामरस धार अखण्ड राम नाम सप्तांह का आयोजन 12 से 15 सितम्बर तक समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में होगा। कार्यक्रम में 14 को मुख्य अतिथि रोहित साहू (विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र अध्यक्षता-इंद्राणी नेहरू साहू (अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर) क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच, विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में छविलाल ध्रुव (सरपंच ग्राम पंचायत बिनौरी), तेजराम साहू (उपसरपंच ग्राम पंचायत बिनौरी) अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू उपाध्यक्ष तुलाराम साहू, कोषाध्यक्ष उमेश कुमार साहूसचिव गिरधर यादव शामिल हैं।

### तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी ठोकर

**महासमुंद**। बागबाहरा में दुर्गा मंदिर के पास एक ट्रक ने कार को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने बताया कि 6 अगस्त को श्रीगणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान शहर में पेट्रोलिंग की जा रही थी। रात्रि करीबन 11:30 बजे पेट्रोलिंग के दौरान शांति नगर मोड़ दुर्गा मंदिर के सामने एनएच 353 मेन रोड में एक तेज रफ्तार बलकर ट्रक सीजी 07 सीएल 5740 जो महासमुंद की ओर से आ रही थी, ने सामने जा रही कार को टक्कर मार दिया। जिससे कार के पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने ट्रक को रूकवाकर चालक से नाम व पता पूछा गया। जिसने अपना नाम तूफानी चमार पिता श्यामाचरण चमार (35 साल) ग्राम नेवडियालाल थाना लालगंज जिला मिर्जापुर उत्तरप्रदेश का रहने वाला बताया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# चाकूबाजी के आरोप में तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छुरा थाना क्षेत्र में एक युवक पर चाकू से हमला करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना फोन पर हुए विवाद के बाद हुई। पुलिस को सिवनी गांव के मुरली कुमार ओगरे ने बताया कि उनके भतीजे अनुज को युवराज ध्रुव, किरण बघेल और अमन ध्रुव ने फोन पर गाली-गलौज करने का आरोप लगाकर झगड़ा किया। इसी विवाद के दौरान, युवराज ध्रुव ने अनुज के पेट में जान से मारने की नीयत से चाकू से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर, गरियाबंद पुलिस अधीक्षक के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी के मार्गदर्शन में छुरा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी युवराज ध्रुव के पास से हमले में इस्तेमाल किया गया चाकू और मोटरसाइकिल भी बरामद की। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# लूट की वारदात का चौथा आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

गरियाबंद जिले के छुरा थाना क्षेत्र में लिफ्ट देने के बहाने एक व्यक्ति से मोबाइल लूटने के मामले में पुलिस ने चौथे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना 2 सितंबर को हुई थी। ग्राम खुडियाडीह के ढालसिंग सेन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि 2 सितंबर को शाम करीब 6:30 बजे वह अपने गांव जा रहे थे। परसदा गांव के बजरंगबली मंदिर के पास एक व्यक्ति ने उनसे लिफ्ट मांगी। जब ढालसिंग ने गाड़ी रोकी, तो उस व्यक्ति ने उनकी गाड़ी की चाबी छीन ली। तभी जंगल से तीन और लोग निकले और उनका टेक्नो कंपनी का मोबाइल लूट लिया। शिकायत मिलते ही, गरियाबंद पुलिस अधीक्षक के निर्देश और एसडीओपी के मार्गदर्शन में छुरा पुलिस ने जांच शुरू की। घटनास्थल पर मिली एक लावारिस गाड़ी की मदद से पुलिस ने आरोपियों का पता लगाया। पहले तीन आरोपियों को पकड़कर लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया गया था। चौथा आरोपी, इंद्र कुमार निषाद उर्फ बंटी निषाद, घटना के बाद फरार था। पुलिस ने उसे भी पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।




# देह व्यापार के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, आंदोलन की दी चेतावनी

**नवापारा-राजिम**। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण ने ग्राम कुर्रा-पटेवा में खुलेआम चल रहे देह व्यापार के खिलाफ नवापारा थाने में एक ज्ञापन सौंपा है। कमेटी ने पुलिस से इस पर तत्काल ठोस कार्रवाई करने की मांग की है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरधारी साहू के नेतृत्व में सोमवार को कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए थाना पहुंचकर टीआई को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि इस अवैध धंधे से युवाओं पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है और आसपास के गांवों का माहौल भी खराब हो रहा है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है।

गिरधारी साहू ने चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में तत्काल कार्रवाई नहीं हुई, तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण द्वारा थाना के सामने धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, जनपद सदस्य कुंती साहू, सरपंच पुष्पा-डमेश साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# छुईहा में बिजली गिरने से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

छुईहा गांव में सोमवार शाम को तेज गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने से लोगों में दहशत फैल गई। यह घटना गांव के कमार पारा में रिहायशी इलाके और धान संग्रहण केंद्र के बीच हुई। गनीमत रही कि इस दौरान कोई भी इसकी चपेट में नहीं आया, वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। शाम करीब 4 बजे अचानक मौसम में बदलाव हुआ और बादलों की तेज गड़गड़ाहट के साथ बिजली गिरी। बिजली सीधे एक पेड़ पर गिरी जो धान संग्रहण केंद्र के पास खुले स्थान पर था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बिजली गिरने से जोरदार धमाका हुआ और पेड़ दो हिस्सों में फट गया। धमाके



की गूंज इतनी तेज थी कि आसपास के घरों की खिड़कियां और दरवाजे तक हिल उठे। तेज आवाज सुनकर लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। कुछ देर तक पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बाद में जब लोगों को पता चला कि बिजली पेड़ पर गिरी है और कोई हताहत नहीं हुआ है, तब जाकर उन्होंने राहत की सांस ली।

**विशेषज्ञों ने दी सावधानी बरतने की सलाह-** इस घटना के बाद विशेषज्ञों ने मानसून के दौरान आकाशीय बिजली से बचाव के लिए लोगों को सावधान रहने की सलाह दी है। उन्होंने अपील की है कि बारिश और गरज-चमक के समय खुले मैदानों और पेड़ों के नीचे बिलकुल भी खड़े न रहें। गांववालों ने प्रशासन से इस संबंध में जागरूकता अभियान चलाने की अपील की है, ताकि लोग भविष्य में ऐसी घटनाओं से बच सकें।

# नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम में 91 स्वयंसेवकों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना और रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में 'नेत्रदान पखवाड़ा' के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम और नवप्रवेशित स्वयंसेवकों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नेत्र सहायक डॉ. एसपी देवांगन ने स्वयंसेवकों को शपथ दिलाई और नेत्रदान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोग अपने जीवन में रक्तदान और मृत्यु के बाद नेत्रदान जरूर करें, क्योंकि यह एक पुण्य का काम है। डॉ. देवांगन ने बताया कि मृत्यु के 4 से 6



घंटे के भीतर परिवार की सहमति से आंखों को सुरक्षित रूप से नेत्र बैंक में जमा कराना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में हर साल करीब 15,000 लोग नेत्रहीन हो रहे हैं, जबकि नेत्रदान करने वालों की संख्या केवल 400 के आसपास है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आरके रजक ने श्रीलंका का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां लोग बढ़-चढ़कर नेत्रदान करते हैं, हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने बच्चों को आंखों की रोशनी तेज करने के लिए विटामिन-ए युक्त चीजें, जैसे गाजर, पपीता और दूध देने की सलाह दी। अविनाश शर्मा ने बताया कि आंखें सही समय पर दान करने से दो से तीन पीढ़ियों तक इस्तेमाल हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि मानव शरीर में आंखें ही एकमात्र ऐसा अंग हैं जो दूसरों की अंधेरी जिंदगी में रोशनी भर सकते हैं। इस कार्यक्रम में 91 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन मितेश साहू ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापित ठाकुर राम साहू ने किया।

# मैनपुर के सरपंचों ने कलेक्टर से लगाई गुहार निर्माण कार्यों का पंचायत को मिले अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर सरपंच संघ के अध्यक्ष हलमंन धुर्वा के नेतृत्व में सोमवार को सरपंचों ने गरियाबंद पहुंचकर कलेक्टर भगवान सिंह उईके से मुलाकात की। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि क्षेत्र में छोटे-छोटे निर्माण कार्यों को ग्राम पंचायतों के माध्यम से ही कराया जाए, क्योंकि ठेकेदारों से काम कराना सरपंचों के अधिकारों का हनन है। सरपंचों ने बताया कि नियमों के अनुसार, 50 हजार से लेकर 50 लाख तक के निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा ही कराए जाने चाहिए। इसके बावजूद, हाल ही में 1.03 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नए शौचालय का निर्माण भी ठेकेदारों से करवाया जा रहा है। सरपंचों ने इसे पंचायत के अधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन बताया। सरपंचों ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि वे पंचायतों को उनके अधिकार वापस दिलाएं और उन्हें निर्माण कार्य करने की अनुमति प्रदान करें। इस दौरान सरपंच संघ अध्यक्ष हमलन धुर्वा, हनिता नायक, गज्जू नेगी, मालती कोर्राम, पुष्पा नेगी, हेमोबाई नागेश और मुकेश कपिल सहित मैनपुर ब्लॉक के कई सरपंच मौजूद थे।



## कुल्हाड़ीघाट में ग्रामीणों को रेडियो और अन्य सामग्री वितरित

# ग्रामीणों को मिल रहा है स्वास्थ्य शिविर का लाभ : सुधीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के दूरस्थ वनांचल में बसे ग्राम कुल्हाड़ीघाट में सोमवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 65वीं बटालियन ने एक सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित करना और ग्रामीणों को आवश्यक सहायता प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों को रेडियो वितरित किए गए। साथ ही, सैकड़ों ग्रामीणों के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया, जिसमें उनका उपचार किया गया। यह आयोजन आसपास के गांवों के लोगों के लिए भी खुला था, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।




सीआरपीएफ के अधिकारियों ने इस पहल के महत्व को बताया। सीआरपीएफ 65वीं वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से पुलिस और जनता के बीच मैत्रीपूर्ण माहौल बनता है। उन्होंने कहा कि वितरित किए गए रेडियो के माध्यम से ग्रामीण देश-दुनिया से जुड़ पाएंगे और घर बैठे समाचार प्राप्त कर सकेंगे।

**भयमुक्त जीवन और सहयोग की अपील-** सहायक कमान अधिकारी सुधीर कुमार ने ग्रामीणों को भयमुक्त जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ये शिविर जनता और पुलिस के बीच की दूरी को कम करते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी किसी भी समस्या को बेझिझक पुलिस के साथ साझा करें। उप कमांडेंट सुघेंद्र सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों का उपचार किया जा रहा है और गंभीर बीमारियों की स्थिति में उन्हें बड़े अस्पतालों में इलाज की सुविधा दी जाएगी। मैनपुर एसडीओपी विकास पाटले ने भी इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम ग्रामीणों में जागरूकता लाते हैं और उन्हें आवश्यक सामग्री मिलने से उनके चेहरे पर खुशी आती है। इस अवसर पर कई अन्य अधिकारी, डॉक्टर और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे, जिन्होंने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया। सहायक कमान अधिकारी सुधीर कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# आईएसबीएम विश्वविद्यालय में मेगा जॉब फेयर आज

**छुरा**। छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह के तहत, आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा, कोसमी में एक मेगा जॉब फेयर आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर में चलेगा, जिसका उद्देश्य गरियाबंद जिले और पूरे प्रदेश के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। इस जॉब फेयर में आईटी, मैनेजमेंट, मार्केटिंग, बैंकिंग, मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर, एजुकेशन और रिटेल जैसे विभिन्न क्षेत्रों की 10 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग ले रही हैं। इनमें एमडी स्टूडियोज, एचडीएफसी बैंक, आदित्य बिड़ला कैपिटल, बीएमबी एडुकॉम, कल्पतरु प्रोजेक्ट्स, सशक्त एंटरप्राइजेज, एक्वा प्लास्ट, और मेटल बिल्डिंग सिस्टम्स जैसी प्रमुख कंपनियाँ शामिल हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने कहा कि उनका लक्ष्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि छात्रों को सही करियर दिशा देना भी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस जॉब फेयर से हजारों छात्रों को रोजगार मिलेगा। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ-साथ अन्य संस्थानों के युवा भी भाग ले सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने साथ अपडेटेड रिज्यूमे, पासपोर्ट साइज फोटो और पहचान पत्र लाना होगा। यह जॉब फेयर छात्रों और नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर है, जहाँ वे सीधे कंपनियों के एचआर से मिलकर इंटरव्यू दे सकते हैं और मौके पर ही चुने जा सकते हैं।

# बरसात में सूर्ख रहने वाला टमाटर इस बार धड़ाम, 70 से कीमत 20 तक उतरी

## अच्छी क्वालिटी का थोक में 20 और चिल्हर में 30 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

मानसून के सीजन में जब टमाटर का उत्पादन अपने राज्य छत्तीसगढ़ में नहीं होता है तो इसकी कीमत आमतौर पर आसमान पर चली जाती है और इसके दाम रूलाने लगते हैं। बीते माह टमाटर के दाम चिल्हर में 70 से 80 रुपए तक हो गए थे। इसके आगे सौ रुपए तक जाने की संभावना थी, लेकिन अचानक से इसके दाम आधे से भी कम हो गए हैं।

इसके पीछे का कारण यह है कि इस समय टमाटर की बेंगलुरु से भरपूर आवक हो रही है। ज्यादा आवक के कारण ही थोक में अच्छी क्वालिटी वाले टमाटर के दाम 18 से 20 और चिल्हर में 30 रुपए हो गए हैं। कुछ कम क्वालिटी वाले टमाटर के दाम थोक में 15 रुपए और चिल्हर में 20 रुपए हो गए हैं। छत्तीसगढ़ में लोकल टमाटर की फसल दीपावली के बाद आती है। इसके बाद से ही टमाटर के दाम कम होने लगते हैं। इसके पहले दाम आसमान पर रहते हैं। बीते साल की ही बात करें तो बीते साल टमाटर के दाम लोकल फसल आने से पहले सौ रुपए के पार हो गए थे।

इसके बाद अक्टूबर में लोकल फसल की आवक के बाद दाम कम होते-होते नए साल में जाकर टमाकर के दाम पांच रुपए से भी कम हो गए थे।

### आवक बढ़ी तो दाम घटे

जब टमाटर के दाम ज्यादा थे तो रायपुर के थोक सब्जी मंडी डूमरतराई में रोज 10 से 12 ट्रक ही टमाटर आ रहे थे, जबकि आमतौर पर रोज 20 से 25 ट्रक टमाटर आते हैं। लेकिन अब फिर से रोज 20 ट्रक के आस-पास टमाटर आ रहे हैं और इसके दाम भी अब कम हो गए हैं। जो टमाटर बीते माह 12 से 14 सौ रुपए क्रेट में बिक रहे थे, वो अब मुश्किल से 500 से 600 रुपए क्रेट में बिक रहे हैं। ऐसे में थोक में इसके दाम 18 से 20 रुपए पड़ रहे हैं।



### उत्पादन ज्यादा इसलिए घटे दाम

बेंगलुरु से इस सीजन में टमाटर आते हैं। कर्नाटक राज्य में इस बार ज्यादा उत्पादन होने के कारण आवक ज्यादा हो रही है तो दाम भी कम हो गए हैं। थोक में अच्छी क्वालिटी का टमाटर अधिकतम 20 रुपए किलो पड़ रहा है। बीते साल दाम बहुत ज्यादा थे।

**-टी. श्रीनिवास रेड्डी, अध्यक्ष**, डूमरतराई थोक सब्जी मंडी

### जून से बढ़ने लगे थे दाम

लोकल टमाटर की फसल आमतौर पर ज्यादा से ज्यादा मई तक आती है, लेकिन यह अच्छी क्वालिटी की नहीं होती है। ऐसे में जून से जब ज्यादातर टमाटर की आवक बाहर के राज्यों से होने लगी तो इसके दाम लगातार बढ़ने प्रारंभ हो गए। जुलाई और फिर अगस्त में इसके दाम 70 से 80 रुपए चल चले गए। कारोबारियों का मानना था कि इसके दाम आने वाले समय में दीपावली से पहले 100 रुपए के पार हो जाएंगे।

---

## खबर संक्षेप



### नात प्रोग्राम के बच्चों को मिला पुरस्कार, खुशी से खिल चेहरे

**मैनपुर।** मैनपुर के मुस्लिम समाज द्वारा ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बच्चों के लिए 'नात' (पैगंबर मुहम्मद की प्रशंसा में कविताएं) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में कुल 64 बच्चों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों के साथ-साथ अन्य सभी प्रतिभागियों को भी पुरस्कार मिले। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

### प्राथमिक शाला पाली में शिक्षक दिवस मनाया गया



**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक शाला पाली में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर, देश के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया गया। उनके चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिक्षकों ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके बताए गए प्रेरक विचारों का अनुसरण करने की बात कही। इसके साथ ही, बच्चों को देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के बारे में भी बताया गया। उनके जीवन संघर्षों और महिलाओं के लिए पहला विद्यालय खोलने के उनके प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने नारी शिक्षा की ज्योति जगाई, जिसके लिए उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने शिक्षकों को पेन भेंट कर सम्मान दिया, जबकि शिक्षकों ने उन्हें केला और मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर सरपंच त्रिवेणी साहू, शिक्षिका ममता ध्रुव, यशोदा ध्रुव, संजय गोस्वामी, सरिता, गौतम मांडले और विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

## दो वर्ष विलंब से सहकारी बैंक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया व्यापमं ने

# सहकारी बैंक भर्ती परीक्षा में पूछे आगी खाना उगलना बरसना और आगी बारना के मायने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लगातार

रविवार को पीएससी और व्यापम दोनों की बड़ी परीक्षाएं रही। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा खनिज निरीक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। इसके लिए पीएससी को 2427 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से सिर्फ 1003 परीक्षार्थी ही शामिल रहे। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा सहकारी बैंक के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा ली गई। इसके लिए 8948 आवेदन मिले थे। इनमें से सिर्फ 918 ही परीक्षा दिलाने पहुंचे रहे। अत्यंत कम संख्या में अभ्यर्थियों के पहुंचने के कारण कई केंद्र लगभग सूने ही रहे। ये आंकड़े रायपुर जिले के हैं। दोनों ही परीक्षाओं की गोपनीय सामग्री जिला कोषालय कलेक्ट्रेट में 3 बजे जमा की गई।

व्यापम ने अपेक्स बैंक सहित 6 जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में भर्ती के लिए यह परीक्षा ली। कनिष्ठ प्रबंधक, उप प्रबंधक व सहायक प्रबंधक सहित 23 पदों पर इसके माध्यम से भर्ती होगी। पूर्व में यह परीक्षा 29 अक्टूबर 2023 को प्रस्तावित थी। दो वर्ष विलंब के उपरांत रविवार को हुई इस परीक्षा के लिए राज्य में 100 से अधिक तथा रायपुर में 29 सेंटर बनाए गए थे। पीएससी के साथ व्यापम की परीक्षाओं में भी छग से संबंधित कई रोचक प्रश्न पूछे गए। इसमें सामान्य ज्ञान सहित भाषा के सवाल शामिल रहे।





### पीएससी ने ली खनिज निरीक्षक भर्ती परीक्षा, 1003 अभ्यर्थी ही पहुंचे पर्चे हल करने

### खनिज निरीक्षक भर्ती परीक्षा में पूछे गए सवाल

- बारदोली प्रस्ताव कब पारित किया गया?
- 'यदि विद्रोहियों में से कोई एक भी योग्य नेता निकला होता तो हम सदा के लिए हार जाते।'' 1857 की क्रांति में यह टिप्पणी किसके द्वारा की गई?
- 1857 की क्रांति को किसने हिंदू-मुस्लिम षडयंत्र का परिणाम बताया?
- पून, खुरपी, चतवार और कोपर का उपयोग बताइए?
- छत्तीसगढ़ नाम का प्रयोग किस चारण कवि की रचना में पाया जाता है?
- जलोद्भिद् का विशेष लक्षण क्या है?
- फिना किसका संक्षिप्तिकरण है?
- जोगीमारा गुफा संबंधित तथ्य।
- पारिस्थितिक तंत्र शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया?
- महात्मा गांधी के मान्य राजनीतिक परामर्शदाता कौन थे?
- ऐजारा कतरा किस कर से संबंधित है?
- किस मंदिर को बस्तर का खजुराहो कहा जाता है?

### सहकारी बैंक भर्ती परीक्षा में पूछे गए सवाल

- छग राज्य ग्रामीण बैंक किसका संयुक्त उपक्रम है?
- छग में कर राजस्व का सबसे बड़ा स्त्रोत कौन सा है?
- सिर से पैर तक छग के पारंपरिक आभूषणों के बारे में बताएं।
- छग में कौन सा स्थान बाक्साइड के भंडार से संबंधित है?
- छग में कौन सा शैक्षणिक संस्थान सर्वप्रथम स्थापित हुआ?
- आगी खाना, आगी उगलना, आगी बरसना व आगी बारना के अर्थ।
- मछरी के गंध बर छत्तीसगढ़ी में का सब्द हरे?
- किस योजना का उद्देश्य किसानों को ऋण प्रदान करना है?
- कौटिल्य का अर्थशास्त्र किस भाषा में रचित है?

### निर्देशों का असर... सफेद अब अघोषित ड्रेस कोड

व्यापम के बाद पीएससी द्वारा भी परीक्षाओं में ड्रेस कोड लागू कर दिया गया है। नवीन ड्रेस कोड लागू किए जाने के बाद यह पहली भर्ती परीक्षा रही, जो पीएससी द्वारा ली गई। पीएससी ने स्पष्ट रूप से उन रंगों का जिक्र किया था, जिन्हें नहीं पहना जाना था। इसका असर यह दिखा कि परीक्षा में शामिल अधिकतर अभ्यर्थी सफेद रंग की पोशाक में पहने थे। एक तरह से सफेद परिधान अघोषित ड्रेस कोड के रुप में नजर आया। दूसरी ओर व्यापम की शुरुआती परीक्षाओं में हुए विवाद के बाद अब इसकी परीक्षाएं भी शांतिपूर्ण तरीके से होने लगी है। खबर लिखे जाने तक किसी तरह के विवाद अथवा कपड़ों के रंग के कारण परीक्षार्थियों को रोके जाने की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

---

# खोमन का गृहग्राम कुण्डेल में भव्य स्वागत किया गया






हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

शिक्षक दिवस 2025 के अवसर पर सिर्रीखुर्द प्राथमिक पाठशाला के शिक्षक खोमन सिन्हा कुण्डेल को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। राज्यपाल रेमन डेका के हाथों उन्हें यह सम्मान मिला। पुरस्कार प्राप्त कर लौटने पर खोमन सिन्हा का उनके कार्यस्थल सिर्रीखुर्द और गृहग्राम कुण्डेल में भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा से आशीर्वाद लिया। सरपंच देवेंद्र वर्मा, प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव और अन्य शिक्षकों ने उनका तिलक-चंदन लगाकर स्वागत किया। गृहग्राम कुण्डेल में भी सरपंच गज्जू सिन्हा, कामता सिन्हा, कैलाश चक्रधारी और अन्य ग्रामीणों ने उन्हें फूलमाला और गुलाल लगाकर बधाई दी। ग्रामीणों और छात्रों ने उनके समर्पण और प्रयासों की सराहना की। एक छात्र तनमय साहू ने कहा, गुरुजी हमेशा हमें पढ़ाई के साथ-साथ जीवन के मूल्यों की भी शिक्षा देते हैं। वहीं, कुण्डेल के सरपंच गज्जू सिन्हा ने कहा कि खोमन सिन्हा का सम्मान पूरे गांव के लिए गर्व की बात है। सम्मान के बाद खोमन सिन्हा ने कहा, /"यह पुरस्कार मेरे लिए प्रेरणा है। मैं सभी वरिष्ठजनों का धन्यवाद करता हूँ जिनके आशीर्वाद से मुझे यह स्थान मिला है।/" उन्होंने पूरी निष्ठा और लगन के साथ शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने की बात कही।

---

## हवन पूजा आरती में शामिल हुए विधायक ...



**राजिम।** विधायक निवास कार्यालय में श्री गणेश जी की पूजा पूरे 11 दिनो तक धूमधाम से की गई। आखिरी दिवस पंडित के मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ हवन आरती हुआ जिसमें विधायक रोहित साहू अपने पत्नी भुनेश्वरी देवी साहू के साथ शामिल हुए। पश्चात गणेश जी का विसर्जन महानदी में किया गया।

### संस्कृत विद्यामंडलम करेगा स्कूलों का औचक निरीक्षण

**रायपुर।** संस्कृत विद्यामंडल द्वारा प्रदेशभर के संस्कृत विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। गुणवत्ता सुधार के लिए ये प्रयोग हो रहे हैं। इसके अंतर्गत महासमुंद के ज्योति गुरुकुल आश्रम संस्कृत विद्यालय कोसरंगी की जांच अधिकारियों द्वारा की गई। संस्कृत विद्या मंडलम के सचिव जेके अग्रवाल एवं सहायक संचालक अमित शुक्ला ने यहां आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि सभी कक्षाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गई। अध्ययन-अध्यापन का स्तर भी संतोषजनक पाया गया।

---

# राम बिशाल पांडेय स्कूल में कैरियर काउंसलिंग का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत शासकीय राम बिशाल पांडेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल राजिम में छात्रों के लिए एक दिवसीय करियर और स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को सही करियर चुनने में मदद करना, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना था। इस कार्यशाला में तीन प्रमुख विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया था डॉ. रश्मि किस्पोट्टा शिशु रोग विशेषज्ञ और प्रोफेसर, बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, रायपुर। नीलिमा लकड़ा व्याख्याता और काउंसलर, सेजेस रानाखुज्जी, बालोद। मनीष टोप्पो क्रीड़ा अधिकारी, शासकीय महाविद्यालय, बालोद।स्कूल के प्राचार्य संजय एक्का ने कार्यशाला के महत्व को बताते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन के अभाव में छात्र अक्सर अपने करियर के लिए गलत दिशा चुन लेते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस उम्र में मानसिक तनाव और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निपटना बेहद ज़रूरी है।



### तीन प्रमुख सत्रों का आयोजन

1. करियर और स्वास्थ्य पर सत्रः डॉ. रश्मि किस्पोट्टा ने छात्रों को बताया कि वे अपने लक्ष्य कैसे निर्धारित करें और सही विषय का चयन कैसे करें। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं के लिए एक सत्र लिया, जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और उनसे बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की।
2. काउंसलिंग और मानसिक स्वास्थ्य पर सत्रः काउंसलर नीलिमा लकड़ा ने छात्रों को पढ़ाई करने के सही तरीकों, जीवन की चुनौतियों का सामना करने और परीक्षा के डर से छुटकारा पाने के बारे में समझाया।
3. खेल और करियर पर सत्रः क्रीड़ा अधिकारी मनीष टोप्पो ने एक प्रभावशाली पीपीटी के माध्यम से खेल के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं को समझाया और बताया कि खेल के साथ-साथ पढ़ाई भी कितनी महत्वपूर्ण है।

---

# सांसद प्रतिनिधि ने कठिया और नवागांव में ली बैठक

**नवापारा-राजिम।** सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल ग्राम कठिया और नवागांव में पंचायत प्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए चल रहे विभिन्न विकास कार्यों के बारे में विचार विमर्श कर केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा किया। बताया गया कि केन्द्र व राज्य सरकार के योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो और सभी योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राहियों को मिल सके इसलिए फील्ड का निरीक्षण और विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। शासन की ऐसी योजनाएं है जो कई गांव के लोगों को पता नहीं है। कहा कि शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य नत्थूराम साहू ने कहा कि सांसद प्रतिनिधि द्वारा गांव में पहुंचकर योजनाओं की समीक्षा करना एक सार्थक कदम है। गांव के वास्तविक स्थिति को समझने के लिए गांव तक पहुंचकर फील्ड का निरीक्षण करने से पंचायत प्रतिनिधियों को विकास के मुद्दे पर अपनी बात रखने के लिए मौका भी मिल रहा है। इस दौरान ग्राम पंचायत कठिया में सरपंच रेखा सूर्यवंशी, वेदराम सूर्यवंशी, पंचूराम ध्रुव, बीरसिंग ध्रुव, जीतेन्द्र सूर्यवंशी, शिवकुमार तारक ,नवागांव में सरपंच टोमन साहू, रामगुलाल ध्रुव, रोशन साहू, महेश साहू, शिवकुमार यदु, रामचंद साहू, पीताम्बर साहू उपस्थित थे।



# राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक खोमन सिन्हा का ग्रामवासियों ने किया आतिशी स्वागत






हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गरियाबंद जिले के प्राथमिक शाला सिरीर्खुर्द के सहायक शिक्षक खोमन सिन्हा को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के बाद गांव लौटने पर सिरीर्खुर्द में ग्रामीणो ने आतिशबाजी करते हुए बाजा-गाजा के साथ फुल माला पहनाकर शानदार स्वागत किया। ग्रामीणो ने कहा कि राज्यपाल से पुरूस्कृत होकर इस ग्रामीण क्षेत्र को गुरूजी खोमन सिन्हा ने गौरवान्वित किया है। मालूम हो कि पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक ठाकुर राम साहू को जिला स्तर पर सम्मान प्राप्त हुआ। श्री साहू का स्वागत भी ग्रामीणो ने किया। स्वागत करने वालो में विधायक प्रतिनिधि विजय कड़रा ,सरपंच देवेंद्र वर्मा, नेमू राम साहू, हरिराम साहू,अध्यक्ष, ग्राम विकास समिति सिरीर्खुर्द टिकेश साहू, लीला साहू, जगन्नाथ ध्रुव, वीरेंद्र पवार, शिक्षक,भुनेश्वर साहू शामिल थे।

# हरिहर पूर्व माध्यमिक शाला में मनाया गया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शासकीय हरिहर पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षक दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और शिक्षकों को पुष्पगुच्छ अर्पित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मकसूदन सर बरीवाला ,शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजेश गिलहरे, प्राचार्य फाखरा खानम दानी, उपस्थित रहे। साथ ही विशेष रूप से एस.एन. देवांगन, अशोक साहू, विजय गिलहरे,आलोक सिंह ठाकुर, अश्वनी साहू, बल्लूराम देवांगन, भारतलाल साहू, तोषराम ध्रुव ,विनोद साहनी,किशन सिंह ठाकुर, संतोषी कंसारी,अंजू साहू,खुशबू लकरा,नंदिनी ध्रुव,शिलामणि नाग,थनेश साहू,तनुजा साहू,लोकेश्वर साहू,संकेत साहू,भूपेंद्र साहू कार्यक्रम में शामिल हुए। वक्ताओं ने भारत के महान दार्शनिक व पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन व विचारों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों की समाज निर्माण में भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरुजनों का सम्मान करने और शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार व विद्यार्थियों के बीच सौहार्द और अनुशासन का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।



## खबर संक्षेप



### पेंशनर समाज की नई कार्यकारिणी ने शपथ ली

**छुईहा।** पेंशनर समाज तहसील इकाई राजिम के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 6 सितंबर को संपन्न हुआ। समारोह में प्रांतीय अध्यक्ष चेतन भारती ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में निवर्तमान पदाधिकारियों को अंगवस्त्र और कलम भेंट कर सम्मानित किया गया, और उनके पद की गरिमापूर्ण विदाई दी गई। इसके बाद नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में भी मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक राम बिशाल वर्मा और बैसाखु राम साहू ने किया, जबकि समापन गीता पटेल ने किया।

### कोरासी के मोनीश ने राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में जीता गोल्ड मेडल



**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्राम खड़मा के मोनीश साहू ने बिलासपुर के बहतराई में आयोजित राज्य स्तरीय ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 400 मीटर रिले दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। मोनीश, जो खेल एवं युवा कल्याण विभाग, रायपुर में अध्ययनरत हैं, रायपुर जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। मोनीश की इस उपलब्धि की जानकारी उनके कोच और राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडलिस्ट शिक्षक जागेश्वर राम ध्रुव ने दी। उन्होंने बताया कि मोनीश बचपन से ही अपने खेल के प्रति बहुत मेहनती रहे हैं। मोनीश के दादा और जनपद सदस्य अवध राम साहू, दादी लगती साहू, सरपंच जगबाई ध्रुव, उप सरपंच रेखचंद साहू, त्रिलोचन साहू, प्रमोद शर्मा, भानु साहू, छवि साहू, डिगेश्वर साहू और सभी ग्रामवासियों ने उनकी इस सफलता पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## निधन

### केजई बाई साहू

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम मड़ेली निवासी केजई बाई साहू का निधन



6 सितंबर दिन शनिवार को हो गया।वे गोविन्द राम, डियर राम लाल जी साहू के माता जी थे। उनके अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया उनके अंतिम संस्कार में साहू समाज एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**आयोजन :** श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में व्याख्यान का हुआ आयोजन

# विकसित भारत का सपना छात्र-छात्राओं के योगदान के बिना अधूरा है : डॉ. वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

रजत जयंती वर्ष के तहत श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में एक विशेष व्याख्यान के आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षाविद् डॉ. टीएल वर्मा ने सर्वप्रथम भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि अटल जी के दूरदृष्टिपूर्ण नेतृत्व के कारण ही वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य का गठन संभव हो पाया। अटल जी ने नए राज्य को उसकी विशिष्ट पहचान दिलाने के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास की ठोस नींव रखी। डॉ. वर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी-2020 की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह नीति शिक्षा को रोजगारोन्मुख, बहुविषयक और शोधपरक बनाने का संकल्प है। इससे विद्यार्थी केवल नौकरी पाने वाले नहीं बल्कि नवाचार करने वाले, उद्यमी और आत्मनिर्भर नागरिक बन सकेंगे। कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व में अद्वितीय है। नालंदा और तक्षशिला जैसी प्राचीन शिक्षण संस्थाओं से लेकर आधुनिक विश्वविद्यालयों तक भारत की परंपरा सदैव ज्ञान, मूल्य और संस्कृति पर आधारित रही है। हाल के वर्षों में छत्तीसगढ़ ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। 33 नए महाविद्यालयों की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्रों तक शिक्षा का विस्तार हुआ है। विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 34 नालंदा परिसर तथा बिलासपुर में 100 करोड़ की लागत से एजुकेशन सिटी का निर्माण किया जा रहा है। रायपुर, बिलासपुर और अंबिकापुर में नए गर्ल्स कॉलेज खोले गए हैं, जिससे लड़कियो के लिए उच्च शिक्षा के अवसर बढ़े हैं। रायपुर स्थित पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने एम.ए. वूमन एंड जेंडर स्टडीज जैसा नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ किया है।



### विकसित राष्ट्र बनाने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी

डॉ. वर्मा ने कहा कि विकसित भारत का सपना छात्र-छात्राओं के योगदान के बिना अधूरा है। विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा, शोध, नवाचार, स्टार्टअप, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सेवा और ईमानदार नागरिकता के माध्यम से भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होने विद्यार्थियो से आग्रह किया कि वे सदैव अनुशासित, परिश्रमी और सामाजिक रूप से उत्तरदायी बनें। कक्षा छोड़ते समय पंखा और लाइट के स्विच बंद करें, जल की बचत करें, प्लास्टिक का उपयोग न करें, और समाज में शुचिता बनाए रखते हुए धर्मान्तरण जैसी कुप्रथाओं से दूर रहें। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक पीयूषकांत भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.मधुरानी शुक्ला ने डॉ. वर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### ये रहे शामिल

कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जीना निषाद, अशोक गंगवाल, गोपाल निषाद, सचिन सचदेव ,पूजा कंसारी ,एस. आर. वड्डे, डॉ. प्रेमेंद्र उपाध्याय, टिकेश्वर मरकाम, डॉ. अनीता साहा, रजिया सुल्ताना, श्वेता मिश्रा, पुरुषोत्तम काबरा, पीयूषकांत भारद्वाज, मोनिका साहू, नंदनी साहू, पुष्पलता कँवर ,साक्षी मेश्राम तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# स्वास्थ्य कर्मियों की बर्खास्तगी पर आप का विरोध, सरकार को दी आंदोलन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

आम आदमी पार्टी (आप) ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 25 स्वास्थ्य कर्मचारियों की बर्खास्तगी को अन्याय बताया है। आप के गरियाबंद जिलाध्यक्ष चमन यादव ने कहा कि यह सरकार का वादाखिलाफी है, क्योंकि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में 100 दिन के भीतर इन कर्मचारियों के नियमितीकरण का वादा किया था। चमन यादव ने कहा कि हड़ताल की वजह से अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हुई हैं और मरीज परेशान हैं। उन्होंने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि कर्मचारियों की मांग जायज है, लेकिन सरकार उनकी मांगों को मानने के बजाय उन्हें बर्खास्त कर रही है, जो छत्तीसगढ़ की जनता के स्वास्थ्य के प्रति असंवेदनशीलता दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कर्मचारियों को गुमराह कर रही है, क्योंकि नियमितीकरण का अधिकार राज्य सरकार के पास है, न कि केंद्र सरकार के पास। आप ने बर्खास्त किए गए 25 कर्मचारियों को तुरंत बहाल करने की मांग की है। इसके साथ ही, पार्टी ने 'काम नहीं तो वेतन नहीं' के सिद्धांत को दरकिनार कर हड़ताल की अवधि का भी पूरा वेतन देने की मांग की है। चमन यादव ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार जल्द ही इन मांगों को पूरा नहीं करती है, तो आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी और स्वास्थ्य मंत्री के बंगले का घेराव भी करेगी। इस मौके पर कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे, जिनमें महेश यादव, हरीश पटेल, नंदलाल यादव, पुष्पक लाल जगत, भूपेंद्र राव, दलेश्वर नागेश, नवीन गायकवाड और नरेंद्र शर्मा शामिल थे।

# कोरासी में शिक्षक दिवस पर अनूठा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुड़ागांव (कोरासी)

कोरासी गांव के शासकीय पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक स्कूल में 8 सितंबर को 'बीहान' स्व-सहायता समूह की माताओं ने एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षक दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद माताओं ने अपनी-अपनी बोली में शिक्षकों के महत्व पर विचार व्यक्त किए, गीत और कविताएं प्रस्तुत कीं। उन्होंने स्वच्छता के प्रति भी जागरूकता फैलाई। इस अवसर पर सभी शिक्षकों को श्रीफल, डायरी, कलम, और महापुरुषों के चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं, छात्रों ने भी अपने गुरुजनों के चरण छूकर आशीर्वाद लिया और उन्हें कलम भेंट की। इस मौके पर शिक्षक पूरन लाल निषाद, देवकरण ध्रुव, रविशंकर साहू, शिक्षिका यूमिता साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रेमलता दीवान, टुमेश्वरी दीवान, पूर्व सरपंच कुमारी बाई ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण माताएं और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



# छुरा कृषि समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

यहां कृषि स्थायी समिति की एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें सिंचाई जलाशयों के आवंटन पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता सभापति उत्तरा अशोक पटेल ने की, जिसमें सदस्य मुगेश्वरी ठाकुर, महेंद्र ध्रुव, नारायण सिन्हा और संतोषी नेताम भी मौजूद थे। इस बैठक में अलग-अलग विभागों के अधिकारियों ने अपनी योजनाओं के बारे में जानकारी दी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी भावेश कुमार शांडिल्य ने कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। प्रभारी उद्यान अधीक्षक सुनील कुमार साहू ने उद्यान विभाग की योजनाओं के बारे में बताया। सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी बी के मरकाम ने पशुपालन से संबंधित जानकारी दी। बिजली विभाग के अंचल नायक ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की जानकारी दी। सभापति ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने विभाग की योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तार से बताएं। मत्स्य विभाग के महेंद्र ताडेकर ने बताया कि सरगी पिकअप वियर, टेगनहीं डोंगरी और आमानाला के तीन जलाशयों को 10 साल के पट्टे पर आवंटित करने का प्रस्ताव दिया गया है। इन जलाशयों का आवंटन आवेदित समितियों के परीक्षण के बाद किया जाएगा। बैठक में कई अन्य अधिकारी और सदस्य भी उपस्थित रहे।



# रसेला विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

प्राथमिक व माध्यमिक शाला रसेला में संयुक्त रूप से बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक शिक्षक दिवस मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की छाया चित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि प्रधानपाठक मुरलीधर विशाल, अध्यक्षता हृदय राम साहू शिक्षक, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच परमेश्वर यादव, वरिष्ठ शिक्षक बालचंद नेताम, देवनारायण साहू, संजीव सिन्हा, शिक्षिका प्रेमबाई टाण्डी, पंच डोमेश चौहान, धनेश्वर दास मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुरलीधर विशाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु शिष्य की परंपरा अति प्राचीन है एक शिक्षक अपना पूरा जीवन छात्र हित में समर्पित कर अपने शिष्य को योग्य बनाते हैं। अध्यक्षता कर रहे हृदय राम साहू शिक्षक ने कहा एक शिक्षक दीपक बनकर नव सृजन का कार्य करते हुए अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का काम करते हैं। इसी कड़ी में उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा डा सर्व पल्ली राधाकृष्णन बीसवीं सदी के महान दार्शनिक एवं समाज सुधारक थे। मानव विकास की धुरी शिक्षा से ही संभव है, जिसके लिए हमारे शिक्षक सदैव ही पूज्यनीय रहें हैं, माता पिता के बाद यदि कोई आपका मार्गदर्शक होता है वह शिक्षक होता है। वरिष्ठ शिक्षक बालचंद नेताम अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक बनना गर्व की बात है। शिक्षक राष्ट निर्माता होता है, एक शिक्षक अपने ज्ञान और अनुभव से क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। शिक्षिका प्रेमबाई टाण्डी ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षकों का सम्मान केवल दिखावे के लिए नहीं अपितु अपने अंत करण से शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। शिक्षक देवनारायण व संदीप कुमार सिन्हा ने कहा कि एक दिन में 18 घंटे तक अध्ययन कर विभिन्न विषयों के ज्ञाता रहे हैं, एक कुशल दार्शनिक, वेदांता एवं राजनीतिकार रहें है, उनका जीवन शिक्षा के लिए समर्पित रहा है। ऐसे महान विभूति भारत के द्वितीय राष्ट्रपति बनकर देश के सर्वोच्च पद को सुशोभित किए, जो शिक्षा जगत के लिए सदैव स्मरणीय रहेंगे। इसी कड़ी में प्रधानपाठक मुरलीधर विशाल के जन्मदिन 5 सितंबर को था। इसके कारण स्कूल सभी छात्र-छात्राओं ने इस मौके पर केक काटा जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान सभी कक्षाओं के छात्र छात्राओं और गणेश्वर ठाकुर, निसु निषाद, सहित पालकगण उपस्थित थे।



# जिला सभापति नंदनी के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर

गरियाबंद जिला पंचायत की सभापति नंदनी ओंकार साहू ने अपना जन्मदिन जनसेवा और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए मनाया। इस अवसर पर



उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सहयोग और संघर्षों से क्षेत्र में विकास की नई राहें खुलेंगी और वे जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का कार्य जारी रखेंगी। अपने जन्मदिन की शुरुआत उन्होंने मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ की। सुबह उन्होंने कर्मा मंदिर और गायत्री मंदिर, कौंदकेरा में क्षेत्र के लोगों की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर बधाई देने के लिए राजिम विधायक रोहित साहू, खाद्य निगम के अध्यक्ष संदीप शर्मा, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, कांग्रेस नेता संजय नेताम, भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं का तांता लगा रहा। सभी की उपस्थिति में केक काटा गया। नंदनी ओंकार साहू के जन्मदिन को लेकर उनके पूरे निर्वाचन क्षेत्र में भारी उत्साह देखा गया। गांव-गांव से आए शुभचिंतकों, कार्यकर्ताओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उन्हें शॉल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। लोगों ने नंदनी साहू को दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र के विकास में उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर मौजूद बुजुर्गों ने भी उन्हें आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके जन्मदिन को जनसेवा दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया और क्षेत्रीय विकास के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई।



### पितृदोष से बचने के लिए करें ये उपाय: पं. त्रिभुवन

**छुईहा बेलर।** पित्र पक्ष की शुरुआत हो चुकी है। इस अवसर पर भगवताचार्य पं. त्रिभुवन मिश्रा ने पितृदोष और उसके निवारण के बारे में विस्तार से बताया। पं. मिश्रा के अनुसार, जब पूर्वजों की आत्माएं असंतुष्ट रह जाती हैं, तो इसका असर उनकी आने वाली पीढ़ियों पर पड़ता है, जिसे पितृदोष कहा जाता है। यह दोष कई कारणों से हो सकता है। अंतिम संस्कार का सही ढंग से न होना। अकाल मृत्यु। श्राद्ध कर्म की उपेक्षा। पितरों का अनादर करना। धर्म के विरुद्ध आचरण। पवित्र वृक्षों, जैसे पीपल और वट को काटना। पितृदोष के लक्षण और निवारण पं. मिश्रा ने बताया कि पितृदोष के कारण परिवार में कई तरह की समस्याएं आती हैं, जैसे- परिवार में लगातार कलह। संतान सुख में बाधा और विवाह में देरी। आर्थिक नुकसान और बार-बार बीमारियां। लगातार असफलता और घर में शांति का अभाव। इन समस्याओं से बचने के लिए पितृपक्ष के दौरान श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करना सबसे महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, गौसेवा, गरीबों को भोजन कराना और ब्राह्मणों को दान देने से भी पितृदोष के प्रभाव को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह एक विश्वास है कि जब हम अपने पूर्वजों का सम्मान और स्मरण करते हैं, तो हमारे परिवार में सुख, समृद्धि और शांति बनी रहती है।





खबर संक्षेप



### मिश्रीलाल को प्राचार्य पद पर मिला प्रमोशन

**रसेला।** कनसिघी हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य रहे मिश्रीलाल सिन्हा को पदोन्नत कर अब कनसिघी में ही प्राचार्य नियुक्त किया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर स्थानीय ग्राम पंचायत और ग्रामीणों ने मिलकर उन्हें बधाई दी। ग्राम पंचायत के सरपंच भोजराज नागेश, उपसरपंच घनश्याम चंद्राकर, पंच उमा सेन, उमेश्वर जगत, शाला विकास समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर और राधे सेन सहित कई ग्रामीण स्कूल पहुंचे। उन्होंने प्राचार्य मिश्रीलाल सिन्हा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मिश्रीलाल सिन्हा के व्यवहार की सराहना करते हुए उन्हें एक व्यवहार कुशल और मिलनसार व्यक्ति बताया। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पदोन्नति के बाद भी सिन्हा जी का कनसिघी में ही प्राचार्य बनना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

### पूर्व विधायक डमरूधर ने किया मैनपुर का दौरा कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



**मैनपुर।** बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी सोमवार को मैनपुर पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में उन्होंने कार्यकर्ताओं, सरपंचों और अन्य जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की और क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। पूर्व विधायक पुजारी इसके बाद भाठीगढ़ स्थित शासकीय नवीन महाविद्यालय के निरीक्षण के लिए पहुंचे। उन्होंने कॉलेज के छात्रों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानीं। छात्रों ने उन्हें बताया कि कॉलेज में प्रोफेसरों की कमी और अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। पुजारी ने छात्रों को आश्वासन दिया कि वे जल्द ही इन समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रयास करेंगे। इस दौरान महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष योगेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, महामंत्री महेश कश्यप सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

### फिंगेश्वर के प्राथमिक शाला में न्योता भोज का आयोजन



**फिंगेश्वर।** नगर पंचायत फिंगेश्वर के वार्ड क्रमांक 1 दर्रीपार स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में एक अनूठा आयोजन हुआ। स्कूल की प्रधान पाठक सिंधु श्रीवास ने अपने ससुर, सेवानिवृत्त शिक्षक स्वर्गीय किसुन श्रीवास की जयंती के अवसर पर बच्चों और शिक्षकों के लिए 'न्योता भोज' का आयोजन किया। इस अवसर पर स्कूल के सभी छात्रों, शिक्षकों और गणमान्य नागरिकों को स्वादिष्ट भोजन परोसा गया। भोज में खीर, पूड़ी, पापड़, दाल, चावल और अचार जैसे व्यंजन शामिल थे, जिससे बच्चों को पौष्टिक और मनपसंद भोजन मिला। इस कार्यक्रम में पार्षद रामाधीन साहू और हेमनारायण महिलांग, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डोमन साहू, राजकुमार बघेल सहित कई शिक्षक और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

### ब्लाक खोखो व कबड्डी के लिए विद्यार्थियों का चयन

**अभनपुर।** विकासखंड स्तरीय शालेय क्रीड़ा खो-खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता अंडर 14,17 व 19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग का आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में जियोदया स्कूल खेल मैदान गातापार अभनपुर में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 450 खिलाडिय़ों ने हिस्सा लिया।

## विर्सजन : जिले के वार्ड-06 में भावुक विदाई, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों से गूंजा माहौल

# ढोल-नगाड़े व भक्तिमय गीतों के साथ गणपति को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद के वार्ड क्रमांक-06 में सोमवार को गणेश चतुर्थी पर्व का समापन गणपति बप्पा की विदाई के साथ हुआ। यह विदाई समारोह पूरे वार्ड के लिए एक पारिवारिक आयोजन बन गया। "गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष और नम आंखों के साथ, सभी ने मिलकर बप्पा को विदा किया। गणेश विसर्जन के लिए निकली भव्य शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। ओडिशा से आए मेलोडी ग्रुप और लाइव आर्केस्ट्रा ने भक्तिमय गीतों से माहौल को और संगीतमय बना दिया। युवाओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर नृत्य किया, जबकि महिलाओं ने मंगल गीत गाकर विदाई की रस्म को और भी खास बनाया।

**पार्षद ने बताया त्योहारों का महत्व-** वार्ड पार्षद छगन यादव ने कहा कि वार्ड-06 में हर त्योहार पूरे परिवार और भाईचारे के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव जैसे पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और एकजुटता का संदेश देते हैं। उन्होंने बताया कि इस वार्ड में हर व्यक्ति खुद को एक परिवार का हिस्सा मानता है, और यही भावना उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

**रिश्तों को मजबूत करने का माध्यम-** विसर्जन के बाद पारंपरिक भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। पार्षद यादव ने कहा कि यह परंपरा केवल भोजन करने का तरीका नहीं, बल्कि आपसी रिश्तों को मजबूत करने का एक अवसर है। वार्ड के लोगों ने अगले साल और भी अधिक उत्साह और भव्यता के साथ बप्पा का स्वागत करने का संकल्प लिया।





### रांवड़ गांव में किया गया गणेश विसर्जन

**राजिम।** राजिम के पास स्थित ग्राम रांवड़ में गणेश विसर्जन का कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर बाल गणेश उत्सव समिति, करमा पारा के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विसर्जन के दौरान समिति के अध्यक्ष विनोद साहू के साथ प्रवीण साहू, भूषण साहू, अजय साहू, गीतराम साहू, धनंजय साहू, नागेश्वर साहू, त्रिलोक साहू, छोटू साहू, लखन सोनी, ओमकार साहू, जागेश्वर साहू, विजय भारती, पुष्कर साहू, राजेश साहू, पवन साहू, और मनीष सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर बप्पा को विदा किया।



### गणेशोत्सव में दिव्यांग बच्चों की अद्भुत प्रस्तुति ने जीता दिल



**गरियाबंद।** गरियाबंद के शिव दुर्गा चौक, वार्ड क्रमांक 1 और 2 में लोक कल्याण समिति द्वारा आयोजित गणेशोत्सव इस साल भी पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाया जा रहा है। समिति ने इस उत्सव को खास बनाने के लिए हर दिन विविध गतिविधियों का आयोजन किया है, जिनमें खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रामायण पाठ, ड्राइंग और संगीत प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इस बार के गणेशोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण राजिम के सक्षम विद्यालय से आए दिव्यांग बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा। इन बच्चों ने मंच पर जब भजन और गीत प्रस्तुत किए तो पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उनके आत्मविश्वास, मधुर आवाज और मनमोहक प्रस्तुति ने हर किसी का दिल जीत लिया। दर्शकों ने कहा कि इन बच्चों में अद्भुत कला और उत्साह है, जिसने पूरे माहौल को भक्तिमय और भावुक बना दिया। समिति के सदस्य ललित साहू ने बताया, दिव्यांग बच्चों ने जिस आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रस्तुति दी, वह हम सबके लिए प्रेरणा है। उनके भजन और गीत सुनकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया। यह कार्यक्रम बाप्पा के दरबार में एक अविस्मरणीय पल बन गया। स्थानीय लोगों ने लोक कल्याण समिति की सोच और समर्पण की सराहना की।





### तोरला हायर सेकंडरी स्कूल में विधायक इंद्रकुमार ने वितरित की साइकिल

**नवापारा-राजिम।** अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू की मौजूदगी में ग्राम तोरला हायर सेकेंडरी स्कूल, आई. टी. आई में सोमवार को प्रवेशउत्सव मनाया गया। इस दौरान एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया। हाई स्कूल के छात्रों को सायकल वितरण किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई,जिसमें प्रमुख रूप से तामासिवनी ,चम्पारण मण्डल अध्यक्ष, तोषण साहू, कोषाध्यक्ष निर्मल साहू, सह मिडिया प्रभारी रीबन यादव, कृषि साख समिति भलेरा प्राधिकृत लीलूराम साहू, प्राधिकृत तोरला बलराम साहू, हायर सेकेण्डरी स्कूल अध्यक्ष भूपेंद्र साहू ,सांसद प्रतिनिधि रामगुलाल साहू, विधायक प्रतिनिधि बसंत साहू, प्रा. शाला. संतोष साहू ,जनपद सदस्य संजीव गिरी, सरपंच ओमकार बंजारे, उपसरपंच राजकुमार सोनी, पंच किशोर बन्दे, महेंद्र साहू, हरिचंद बंजारे,, केशव साहू, उमा तारक, ललिता साहू, कमलेश्वरी सिन्हा, सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। विधायक जी को अपने बीच पाकर छात्र-छात्रा काफी प्रफुलित हुए।

# कृषि स्नातक संघ ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर अपनी नौ सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ कृषि विभाग के कृषि अधिकारियों ने मोर्चा खोल दिया है। वे 8 और 9 सितंबर को काली पट्टी लगाकर कार्य करेंगे। 15 को मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रदर्शन करेंगे। छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष उज्जवल कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ के प्रांतीय बैठक में सभी जिला एवं प्रांतीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से नौ सूत्रीय लंबित मांगों की पूर्ति हेतु चरणबद्ध सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। अपनी मांगों की पूर्ति हेतु पूरे छत्तीसगढ़ में हर जिला के समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विकास अधिकारी चरणबद्ध सांकेतिक प्रदर्शन करेंगे। इसके तहत 8 और 9 सितंबर को काली पट्टी लगाकर कार्य करेंगे। 15 सितंबर को हर जिला में समस्त विकासखंड एवं जिला स्तर पर तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री एंव कृषि मंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही उक्त तिथि में बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाइन कार्य नहीं किया जाएगा। 23 सितंबर को एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन करेंगे एवं रैली निकाल कर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा।



**ऑनलाइन कार्य बहिष्कार करने से किसानों की बढ़ेगी मुश्किलें**

उनके इस आंदोलन के चलते कृषि विभाग में संचालित विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल कटाई प्रयोग, प्रधानमंत्री सॉइल हेल्थ कार्ड योजना धान खरीदी सत्यापन धान खरीदी ट्रस्टेड पर्सन बायोमेट्रिक फिंगर एवं गिरदावरी कार्य समेत खेती किसानी से सम्बंधित ऑनलाइन कार्य प्रभावित होगा।

**कृषि अधिकारियों की ये है प्रमुख मांग-** कृषि अधिकारियों की प्रमुख मांगों में वेतनमान संशोधन 4300 ग्रेड पे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विकास अधिकारी के कार्य क्षेत्र का पुनःनिर्धारण, मासिक यात्रा भत्ता में वृद्धि कर रुपए पच्चीस सौ करने, विभागीय कार्य सम्पादन हेतु मोबाईल, इंटरनेट, कंप्यूटर, प्रिंटर स्टेशनरी इत्यादि हेतु संसाधन भत्ता, विभागीय अमले की कमी के कारण अतिरिक्त प्रभार दिए जाने की स्थिति में सम्मानजनक अतिरिक्त क्षेत्रीय भत्ता, मध्यप्रदेश शासन की तर्ज पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पदनाम को कृषि विस्तार अधिकारी करने, लंबित पदोन्नति को प्रारंभ करने, आदान सामग्री का भंडारण सेवा सहकारी समिति में करने एवं अनुदान राशि के भुगतान हेतु डीबीटी प्रणाली लागू करना है।

# नगर की मातृशक्तियां हुईं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच ने प्रदेश के 11 जिलों से चयनित 125 प्रतिभाशाली मातृशक्तियों का सम्मान किया जिसमें नवापारा शहर के योगिता सिन्हा,नीता धीवर,रेणुका तिवारी, अंजू पारख, पूजा सायरानी भी शामिल थी जिन्हें छत्तीसगढ़ महिला गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सुमेधा श्रीवास्तव थी तथा अध्यक्षता अशोक अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पत्रकार पी के तिवारी ,राजकुमार द्विवेदी, अंकुर शुक्ला, रुक्मणि रामटेके, अरुणा चौबे, ज्योति शुक्ला ,जी एस टी आयुक्त एम राजीव मौजूद थे। यह जानकारी देते हुए वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने बताया कि रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव, दुर्ग,महासमुंद, गरियाबंद,बालोद, बिलाईगढ़ से चयनित 125 महिलाओं को मोमेंटो व सम्मान पत्र प्रदान किया गया। इन महिलाओं का खेल, समाज



सेवा, शिक्षा, साहित्य, बाईक राइडिंग, पर्यावरण, चिकित्सा, एनजीओ, कला, संस्कृति, फिल्म में अभिनय, एलबम निर्माण, राजनीति, लोक कला, पत्रकारिता, प्रकाशन, पर्वतारोहण, प्रशासन, आध्यात्म, नर्सिंग,पुलिसिंग, इवेंट आर्गेनाइजर, आर्किटेक्ट, रंगकर्म, उद्यानिकी,पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये दिया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि चूड़ियां पहनने वाले हाथों ने इतिहास रचा है। वक्ता मंच के माध्यम से महिलाओं की सफलता की कहानियां जन-जन तक पहुंचेंगी। भारत की महिलाएं अब घर की चौखट लांघकर अपने हकों हेतु लड़ रही है। महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में दूरदर्शिता, जीवंत उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ जीवन की सभी चुनौतियों का सामना कर रही है। कार्यक्रम में सम्मानित होने वाली अनेको महिलाओं ने विकट परिस्थितियों से लड़कर सफलता का नया कीर्तिमान रचा है और समाज को नई प्रेरणा दी है। सम्मान समारोह में संयोजक शुभम साहू, विवेक बेहरा, दुष्यंत साहू, धनेश्वरी नारंग, राजाराम रसिक, डॉ इंद्रदेव यदु, प्रशांत यदु, संतोष धीवर, पूर्णेश डड़सेना, उमा स्वामी, अभिषेक श्रीवास्तव, परम कुमार, खेमराज साहू, हेमलाल पटेल ,पत्रकार तुकाराम कंसारी, लक्ष्मीनारायण लहरे, राजेंद्र रायपुरी ,राजू रामटेके सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां मौजूद थी। बता दें कि सम्मानित होने वाली मातृशक्तियों में रेणुका तिवारी ग्रीन आर्मी रायपुर से जुड़कर नवापारा शहर में ग्रीन आर्मी टीम का संचालन अध्यक्ष के रूप में कर रही है। वह शिक्षिका भी है। नारी शक्तियों के उत्थान के लिए वे कई संगठनो से जुड़ी हुई है। ग्रीन सिटी ,क्लीन सिटी के लिए संकल्पित होकर निरंतर सक्रिय है।

# भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में जीएसटी सुधार कारगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

आयकर में छूट के बाद केंद्र सरकार ने जीएसटी सुधार लागू कर भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इससे उद्योग-व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार की बचत बढ़ेगी तथा देश आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का /"एक भारत श्रेष्ठ भारत का संकल्प इसी से साकार होगा। धमतरी नगर निगम अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश महामंत्री जगदीश रोहरा ने गरियाबंद भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि आजादी के बाद 101वां संविधान



संशोधन ऐतिहासिक रहा। 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने से पूर्व 17 प्रकार के अलग-अलग कर और 13 प्रकार के सेंस वसूल किए जाते थे, जो अब समाप्त हो चुके हैं। नए सुधार के तहत चार स्लैब घटाकर केवल दो स्लैब कर दिए गए हैं, जिससे वस्तुओं के दाम में कमी आई है। उन्होंने कहा कि जीएसटी करदाताओं की संख्या 2015 में 66.50 लाख थी जो 2025 में बढ़कर डेढ़ करोड़ तक पहुंच गई है। कर संग्रह भी दोगुना हुआ है। सुधार से कृषि, उद्योग और बीमा क्षेत्र को लाभ मिलेगा। अपवाद स्वरूप वस्तुओं पर 40 प्रतिशत टैक्स रखा गया है। रोहरा ने बताया कि छत्तीसगढ़ को आर्थिक प्रोत्साहन के रूप में 6200 करोड़ रुपये मिले हैं। पहले राज्यों को 32 प्रतिशत हिस्सा मिलता था, जो अब बढ़कर 42 प्रतिशत हो गया है। विपक्ष पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाई जा रही है और इसे अमेरिका टैरिफ या चुनाव से जोड़कर दुष्प्रचार किया जा रहा है। जबकि जीएसटी काउंसिल दो-तिहाई बहुमत से निर्णय लेती है।

## जिले में सेवा पखवाड़ा की तैयारी, भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए कार्यशाला

# सेवा कार्य समाज हित का सबसे बड़ा जरिया है : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन (17 सितंबर) से लेकर महात्मा गांधी जयंती (2 अक्टूबर) तक चलने वाले 'सेवा पखवाड़ा' की तैयारियों को लेकर गरियाबंद में एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने कहा कि सेवा कार्य समाज हित का सबसे बड़ा जरिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि 'सेवा पखवाड़ा' निःस्वार्थ समाज सेवा का एक आंदोलन है, जिसका लक्ष्य स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।



ये कार्यक्रम होंगे आयोजित

- स्वच्छता अभियान और /"एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण
- रक्तदान और नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर
- दिव्यांगजनों और विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान
- प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी

**पखवाड़ा एक जन-आंदोलन बनेः अनिल चंद्राकर-** विधायक रोहित साहू ने इस आयोजन को समाज और राष्ट्र के उत्थान का आंदोलन बताया। उन्होंने हर कार्यकर्ता से सेवा भाव से काम करने का आह्वान किया। भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इसे एक जन-आंदोलन बनाएं और वार्ड तथा पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाएं।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय और महात्मा गांधी जयंती के विशेष कार्यक्रम-** इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर जरूरतमंद लोगों की मदद करना है। कार्यक्रम का संचालन आशीष शर्मा ने किया, जिसमें कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

